क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
1.	**पैरा 4.1– परिसम्पत्ति सुधार** परिसम्पत्ति सुधार का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि गांवों में प्रत्येक किसान परिवार के पास उत्पादक परिसम्पत्ति यथा भूमि, पशुधन, मत्स्य पोखर, वासभूमि फार्म इत्यादि हो और/अथवा इन परिसम्पत्तियों तक पहुंच हो और/अथवा उद्यम के माध्यम से आय और/अथवा मण्डी उन्मुख कुशलता हो ताकि पारिवारिक आय को संधारणीय आधार पर पर्याप्त रूप से बढ़ाई जा सके। इनसे पोषाहार और आजीविका सुरक्षा और उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य संबंधी जरूरतें पूरी होंगी। **(कृषि एवं सहकारिता विभाग, भूमि संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पशुपालन, डेयरी और मात्स्यिकी विभाग)**	• ऐसे ग्रामीण निर्धन, भूमि वितरण के तहत जिनके पास कोई भी भूमि अथवा मकान नहीं है, को कृषि भूमि और वासभूमि फार्म के वितरण के लिए विभिन्न कार्यक्रम और अन्य स्कीमें विभिन्न राज्यों द्वारा लगातार क्रियान्वित की जा रही है। अधिकतम अधिशेष भूमि का वितरण, सरकार की बंजर भूमि और भूदान भूमि, भूमि सुधार नीति का अभिन्न अंग है। 49.65 लाख एकड़ अधिकतम अधिशेष भूमि, सरकार की 153.22 लाख एकड़ बंजर भूमि और 16.66 लाख एकड़ भूदान भूमि पात्र ग्रामीण निर्धन को वितरित की गई। • राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (एनआरईजीए) 2006 को ग्रामीण निर्धन की टिकाऊ परिसम्पत्तियां सृजित करने और आजीविका संस्थान आधार को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एवं प्रत्येक परिवार को प्रत्येक वित्तीय वर्ष में गारण्टीयुक्त मजदूरी रोजगार के कम से कम 100 दिनों की व्यवस्था करने के लिए लागू किया गया। यह स्कीम दिनांक 1.4.2008 से देश में सभी जिलों को शामिल करने के लिए बढ़ाई गई है। • सरकार पात्र ग्रामीण निर्धन को मकान देने के लिए इंदिरा आवास योजना क्रियान्वित कर रही है। • राज्यों की संबंधित सरकारों और केन्द्र सरकार की	• वर्तमान स्कीमों के अंतर्गत किसानों और किसान परिवारों के सदस्यों को प्रशिक्षण का प्रावधान बढ़ाया जाएगा ताकि उद्यमों सहित मण्डी उन्मुख दक्षताओं की व्यवस्था की जा सके, जिनको औपचारिक तौर पर प्रमाणित किया/मान्यता दी जा सकती है और जिससे प्रशिक्षित व्यक्तियों के स्व–रोजगार को आसान बनाया जा सकें। **(कार्रवाईः ग्रामीण विकास विभाग/एमओएमएसएमई/डीएसी)** • चालू स्कीमों के अंतर्गत बैंक ऋणों से अथवा बैंकों से अथवा किसी अन्य माध्यम से प्रशिक्षित व्यक्तियों का स्व–रोजगार सुनिश्चित किया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः ग्रामीण विकास विभाग/एमओएमएसएमई/डीएसी)** • स्वरोजगार और आय सृजन के लिए किसानों का अंतरिम वित्तपोषण करने के लिए पनधारा विकास समितियों, पानी पंचायतों, पंचायतों, किसानों के स्वावलम्बी समूहों आदि को आवर्तक निधि का प्रावधान, बशर्ते बैंकों द्वारा प्रतिपूर्ति अथवा लाभानुभोगियों द्वारा वापस अदायगी की जाए। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग/कृषि एवं सहकारिता विभाग)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		कई चालू स्कीमों जैसे केवीआईसी/आरईजीपी/एसजीएसवाई/एटीएमए आदि के अंतर्गत पात्र किसानों को प्रशिक्षण। • पात्र किसानों को राजसहायता के साथ अथवा उनके बिना स्व–रोजगार के लिए परिसम्पत्ति प्रदान करने के लिए बैंक ग्राह्य स्कीमों को केन्द्र और राज्यों द्वारा क्रियान्वित किया जा रहा है। • पात्रता मापदण्ड के अनुसार शिक्षित युवा के स्व–रोजगार के लिए पीएमआरवाई स्कीम। • ग्रामीण विकास विभाग (डीओआरडी) के अंतर्गत एसजीएसवाई के अधीन दक्षता आधारित प्रशिक्षण और ऋणों का प्रावधान। • पशुधन क्षेत्र के लिए ग्यारहवीं योजना का लक्ष्य 6 से 7 प्रतिशत प्रति वर्ष का समग्र विकास है जिसमें दुग्ध समूह द्वारा 5 प्रतिशत विकास और माँस एवं कुक्कुट समूह द्वारा 10 प्रतिशत विकास प्राप्त करना शामिल है। इससे छोटे और सीमांत किसानों और भूमिहीन श्रमिकों को लाभ मिलता है, जो देश में अधिक संख्या में पशुधन रखते हैं। यह क्षेत्र ग्रामीण आबादी को अतिरिक्त रोजगार अवसर भी देता है, विशेषकर उन महिलाओं को जो परिवार में पशुधन की देखभाल करती हैं। • पशुपालन और डेयरी विभाग द्वारा विभिन्न स्कीमें जैसे "डेयरी/कुक्कुट उद्यम पूंजी निधि" और	• राज्य सहकारी बैंकों को आरकेवीवाई/बृहत प्रबंधन के अधीन अथवा कृषि एवं सहकारिता विभाग की मौजूदा स्कीमों के अधीन कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा और/अथवा नाबार्ड द्वारा सहायता दी जाएगी ताकि किसान समूहों/संगठनों के जरिए विभिन्न कृषि संबंधी उद्यमों के अधीन प्रशिक्षित किसानों के स्व–रोजगार को बढ़ावा दिया जा सके और प्रशिक्षित किया जा सके। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग/नाबार्ड)** • वित्त मंत्रालय नाबार्ड, एसआईडीबीआई और बैंकों को नाबार्ड, एसआईडीबीआई और बैंकों के चालू कार्यक्रमों के अधीन किसान परिवारों के लिए उत्पादक परिसम्पत्तियों के जरिए दक्षता विकास और स्व–रोजगार को बढ़ावा देने के लिए अनुदेश देगा। **(कार्रवाईः एमओएफ/डीएसी)** • एसएयू, केवीके, मैनेज और अन्य प्रशिक्षण संस्थाओं को मण्डी आधारित दक्षताओं के लिए प्रशिक्षण देने के लिए पहचाना जाए, जिनको एसएयू द्वारा डिप्लोमा/प्रमाणन पाठ्यक्रमों के रूप में प्रमाणित किया/मान्यता दी जा सकती है। **(कार्रवाईः डेयर)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		"मीठे पानी संबंधी जलकृषि के विकास" क्रियान्वित की जा रही हैं, ताकि डेयरी, कुक्कुट और मात्स्यिकी में परिसम्पत्ति सृजन के लिए राजसहायता दी जा सके। • फिलहाल क्रियान्वित किए जा रहे राष्ट्रीय गोपशु और भैंस प्रजनन कार्यक्रम और गोपशु के कृत्रिम निषेचन कार्यक्रम परिसम्पत्ति के रूप में पशुधन में वृद्धि करेंगे। • चारा ब्लाक निर्माता यूनिटों की स्थापना को प्रोत्साहित करने के लिए, निवेश लागत के 25 प्रतिशत तक सहायता नाबार्ड/राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा मूल्यांकित बैंक ग्राह्य परियोजना के संबंध में दी जाती है। • पशुपालन और डेयरी विभाग ने ग्राम स्तर पर उत्पादित कच्चे दूध की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए नई सीएसएस शुरू की अर्थात् ''गुणवत्ताप्रद और शुद्व दुग्ध उत्पादन के लिए अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण'' • परम्परागत कला का आधुनिकीकरण, मीठे जल के साथ–साथ खारे पानी की जल–कृषि का विकास और पशुपालन और डेयरी विभाग की मात्स्यिकी एवं जल–कृषि के विकास संबंधी कई वर्तमान स्कीमें ग्रामीण आबादी के लिए परिसम्पत्ति सृजन, रोजगार अवसरों और विपणन दक्षताओं के लिए	• एटीएमए स्कीम की एग्री–क्लिनिकों और एग्री–बिजनेस स्कीमों के लिए प्रावधानों में वृद्धि करके अधिक तत्परता से दक्षता आधारित प्रशिक्षण शुरू करने के लिए समीक्षा की जाएगी, यदि आवश्यक हो तो। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • एसजीएसवाई के अधीन दक्षता विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। **(कार्रवाईः ग्रामीण विकास विभाग)** • एनआरईएलीए और पनधारा विकास कार्यक्रमों के बीच समभिरूपता को प्राथमिकताबद्ध किया जाना चाहिए तथा पीआरआई को उपयोग करके क्षेत्रीय स्तर पर सुनिश्चित किया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः ग्रामीण विकास विभाग/भूमि संसाधन विभाग/एमओपीआर)** • कटाई–पश्चात् प्रबंधन, बेहतर विपणन अवसरों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन में सुधार करने, किसानों के लिए गुणवत्ताप्रद सेवा और कृषि–सेवा केन्द्रों का प्रबंधन करने आदि क्षेत्रों में किसानों और युवाओं के लिए दक्षता आधारित प्रशिक्षण को आरकेवीवाई के अधीन प्राथमिकता के आधार पर शुरू किया

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		व्यवस्था करते हैं। • अंतरभूमि मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए, राजसहायता के रूप में सहायता मत्स्य पोखरों के निर्माण, पोखरों और टैंकों के पुनः उद्धार/नवीकरण, समेकित मत्स्यकृषि, बहते जल द्वारा मत्स्य उत्पादन, मत्स्य बीज हैचारियों और मछली के लिए भोजन आदि के लिए दी जाती है, जिससे मछली पकड़ने वालों के लिए परिसम्पत्तियां सृजित होती हैं। • राष्ट्रीय मात्स्यिकी विकास बोर्ड को पर्याप्त रोजगार के सृजन के मूलभूत उद्देश्य में से एक के रूप में स्थापित किया गया। • ग्यारहवीं योजना के दौरान आयुष विभाग द्वारा क्रियान्वयन के लिए 630 करोड़ रूपये के कुल परिव्यय से नई केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम प्रस्तावित है ताकि अभिज्ञात क्षेत्रों में लगभग एक लाख हैक्टेयर भूमि में औषधीय पौधों की खेती, मूल्य वर्धन, प्रसंस्करण, भाण्डागारण और विपणन का समर्थन किया जा सके, जिससे किसानों को बेहतर लाभ मिलेंगे। यह स्कीम विकसित विपणन अवसंरचना के लिए जड़ी–बूटी मंडियों और एग्री–मण्डियों का समर्थन करने और किसानों के क्षमता निर्माण, प्रशिक्षण हेतु सहायता भी देती है। • खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय ग्यारहवीं योजना	जाएगा। इस क्रियाकलाप को जिला/ब्लॉक/ग्राम पंचायतों द्वारा समन्वित किया जा सकता है। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग/डेयर)** • आरकेवीवाई/एटीएमए कार्यक्रमों के अधीन सूखा और बाढ़ स्थितियों से निपटने के उपायों पर और किसानों को गुणवत्ताप्रद सलाह/सेवा देने के लिए कमजोर तबकों से महिलाओं और सदस्यों पर विशेष ध्यान देते हुए पंचायतों के इच्छुक निर्वाचित सदस्यों को प्रशिक्षण (विशेषकर संधारणीय कृषि पद्धतियों, कटाई पश्चात् प्रबंधन और मूल्य वर्धन, प्रसंस्करण और विपणन के लिए) दिया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • आरकेवीवाई के अधीन एसएयू/केवीके और अन्य सक्षम संस्थाओं को अपनी प्रशिक्षण अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए सहायता दी जाएगी। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • एमओईएफ कृषि–वानिकी को बढ़ावा देने के लिए उचित समर्थन तंत्र तैयार करेगा।

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		में मेगा फूड पार्कों, समेकित शीत श्रृंखलाओं, मूल्य वर्धित केन्द्रों और रणनीतिक वितरण केन्द्रों की स्थापना के लिए अवसंरचना विकास हेतु स्कीम का प्रस्ताव देता है। इस स्कीम का लक्ष्य किसानों, प्रसंस्करणकर्त्ताओं और फुटकर विक्रेताओं को एक साथ लाने तथा कृषि उत्पादन को मंडी से जोड़ने के लिए तंत्र की व्यवस्था करना है ताकि मूल्य वर्धन को अधिक से अधिक किया, बर्बादी को कम से कम किया, ग्रामीण क्षेत्र में किसानों की आय को बढ़ाया और रोज़गार के अत्यधिक अवसर पैदा किए जा सकें। • राष्ट्रीय बांस मिशन बांस और बांस आधारित हस्तशिल्पों के विपणन को भी बढ़ावा देता है। यह मिशन दक्ष और अदक्ष व्यक्तियों, विशेषकर बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार अवसरों को पैदा करने के लिए भी है। केवल रोपण संकर्म द्वारा ही 50.4 मिलयन मानवदिवस का रोजगार देना किसानों को एक लाभ है। • राष्ट्रीय बागवानी मिशन कार्यक्रम के अधीन, किसानों को नए बागों की स्थापना के रूप में लाभ मिलेगा जिससे किसान की आय में वृद्धि होगी। • कटाई–पूर्व और कटाई–पश्चात प्रबंधन, मंडियों, मूल्य वर्धन श्रृंखलाओं आदि के लिए अवसंरचना	

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		की स्थापना किसानों को बागवानी उत्पाद का उत्पादन और उत्पादकता बढ़ाने, कटाई पश्चात् हानि कम करने और उनके उत्पाद के लिए लाभप्रद मूल्य सुनिश्चित करने में भी मदद करेगी। • कृषि विपणन अवसंरचना, ग्रेडिंग और मानकीकरण का विकास/सुदृढ़ीकरण स्कीम अक्तूबर 2004 से चल रही है। इस स्कीम के अधीन, किसानों सहित उद्यमियों को वित्तीय सहायता दी जाती है ताकि कटाई पश्चात् प्रबंधन की जरूरतों को पूरा करने के लिए विपणन अवसंरचना परियोजनाओं को तैयार किया जा सके। किसान अपनी आय बढ़ाने के लिए ऐसी परिसम्पत्तियां बना सकते हैं। • विश्व स्तरीय दक्ष श्रमिक कार्यबल तैयार करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण दिया गया है। देश भर में स्थित आईटीआई और आईटीसी के नेटवर्क को प्रशिक्षण पाठयक्रम दिए जाते हैं। • व्यावसायिक शिक्षा और दक्षता विकास संबंधी मिशन शीघ्र ही शुरू किया जाएगा। इसके परिणामस्वरूप लगभग एक करोड़ विद्यार्थी व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे, जो वर्तमान स्तर से चार गुना वृद्धि होगी।	

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
2.	**पैरा 4.2 परिसम्पत्ति सुधार–भूमि** • भूमि सुधार से संबंधित कानूनों को लागू करने में सुदृढ़ता लाने के लिए, जिसमें विशेषकर काश्तकारी कानूनों, भूमि को पट्टे पर देने, अधिकतम अधिशेष भूमि और बंजर भूमि के वितरण, सामान्य सम्पत्ति और बंजर भूमि संसाधनों आदि तक पर्याप्त पहुंच प्रदान करने पर ध्यान दिया जाए। • महिलाओं को भूमि अधिकार देने के बाद महिला किसानों के लिए उपयुक्त समर्थन सेवाएं अनिवार्य बन गईं, जैसे ऋण और अन्य सेवाएं प्राप्त करने के लिए महिलाओं हेतु अनिवार्य वास–भूमि और कृषिगत भूमि दोनों के लिए संयुक्त पट्टे। • भूमि अधिग्रहण अधिनियम की समीक्षा क्षतिपूर्ति के आकलन के संदर्भ में की जाए। • कृषि के लिए प्रमुख कृषिगत भूमि का कृषि के लिए संरक्षण किया ही जाए। • मौजूदा पुनः स्थापन नीति के अधीन प्रतिबद्धताओं को अक्षरशः पूरा करना। • कृषीतर प्रयोजनार्थ कम जैव क्षमता वाली भूमि को निर्धारित किया जाएगा तथा राज्यों को सलाह दी जाएगी कि वे कृषीतर विकासपरक क्रियाकलापों के लिए कम जैव क्षमता वाली भूमि को आबांटित करें। **(भूमि संसाधन विभाग, कृषि और सहकारिता विभाग)**	• भूमि और इसका विकास राज्यों के अधिकार–क्षेत्र में आता है तथा केन्द्र सरकार की भूमिका सलाहकार और समन्वय का कार्य करने वाली है। भूमि सुधार कार्यक्रमों के कार्यान्वयन की समीक्षा ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा आयोजित राज्यों के सचिवों, राजस्व मंत्रियों आदि के सम्मेलनों सहित विभिन्न मंचों पर लगातार की जाती है। • राज्य सरकारों को बार–बार यह सलाह दी जाती है कि वे कार्य योजनाओं द्वारा और विशेष अभियान चलाकर पात्र निर्धन को भूमि का वितरण करें। राज्यों को यह भी सलाह दी गई है कि वे असुरक्षित अथवा अनौपचारिक काश्तकारों की पहचान करने ताकि उनको अभिलिखित किया जा सके, उनकी बदहाली के विधायी प्रावधानों के क्रियान्वयन हेतु महिलाओं को परिसत्पत्तियों जैसे मकानों और भूमि के स्वामित्व के समान अधिकार देने और जोतों की चकबंदी हेतु प्रभावी कदम उठाएं। • भूमि संसाधन विभाग द्वारा राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भूमि सुधारों के कम्प्यूटरीकरण्र, के लिए निधियां दी जा रही हैं। • ग्रामीण विकास मंत्री की अध्यक्षता में 'राज्य के कृषि संबंधी और भूमि सुधारों में अधूरे कार्य संबंधी समिति' और प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में 'राष्ट्रीय	• विभिन्न स्कीमों जैसे एनआरईजीए, एसजीआरवाई, आरकेवीवाई आदि के अंतर्गत उपलब्ध निधियों में तारतम्यता स्थापित करते हुए राज्य सरकारों के जरिए बंजरभूमि विकास के लिए सुव्यवस्थित योजना /कार्यनीति तैयार की जानी चाहिए तथा विकसित बंजर भूमि, जहां तक व्यवहार्य हो, को भूमिहीन कृषि मजदूरों, अधिमान्य तौर पर स्वावलम्बी समूहों के रूप में संगठित, को वितरित किया जाएगा तथा यह अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति किसानों और महिलाओं को अधिमान्यता देते हुए किया जाएगा ताकि विकसित भूमि में संधारणीय ढंग से खेती की जा सके। इस प्रयोजनार्थ विशिष्ट दिशानिर्देश जारी किए जाएं। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग/ ग्रामीण विकास विभाग)** • भूमि अभिलेखों और राजस्व मानचित्रों का कम्प्यूटरीकरण विशेषकर जनजातीय उप–योजना क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग)** • राष्ट्रीय और राज्य भूमि उपयोग बोर्डों को सुदृढ़ किया जाएगा ताकि मौसम और अन्य स्थितियों,

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		भूमि सुधार परिषद' गठित किए गये हैं। भूमि सुधारों से संबंधित मुद्दों पर इन समितियों द्वारा विस्तार में चर्चा की जाएगी। • भूमि अधिग्रहण अधिनियम, 1894 की समीक्षा की गई है तथा इस अधिनियम में संशोधन अन्य बातों के साथ–साथ क्षतिपूर्ति का मामला भी है। भूमि अधिग्रहण (संशोधन) विधेयक, 2007 लोक सभा में पेश किया गया है तथा फिलहाल संसद की ग्रामीण विकास संबंधी स्थायी समिति के विचाराधीन है। • राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनः स्थापन नीति 2007 भी सरकार द्वारा अनुमोदित की गई तथा दिनांक 31.10.2007 को अधिसूचित की गई। यह नीति सभी राज्यों को परिचालित की गई। यह नीति अन्य बातों के साथ–साथ बंजर भूमि, अवक्रमित भूमि और असिंचित भूमि संबंधी परियोजनाओं के लिए प्रावधान करती है। कृषीतर प्रयोजनार्थ कृषि भूमि के अधिग्रहण को कम से कम किया जाएगा, ऐसे प्रयोजनार्थ बहु फसलित भूमि का प्रयोग नहीं किया जाएगा तथा सिंचित भूमि का अधिग्रहण कम से कम करा जाए, यदि ऐसा करना ही पड़े तो। इसके अलावा परियोजना के लिए भूमि का अधिग्रहण करने से पहले संबंधित सरकार को ऐसे विकल्पों पर ध्यान देना चाहिए जो कृषीतर	जिसमें व्यापार और विपणन मुद्दे शामिल हैं, को ध्यान में रखते हुए किसानों को संधारणीय ढंग से संभावित भूमि प्रयोग पर गुणवत्ताप्रद परमार्श पहल करके दिया जाए। बोर्ड को कृषितर प्रयोजनार्थ कृषिगत भूमि के प्रयोग पर नजर रखते हुए तथा कृषितर प्रयोजनों के लिए भूमि प्रदान करने के लिए कम जैव क्षमता वाली भूमि की पहचान करते हुए भूमि के संधारणीय प्रबंधन को बढ़ावा देना चाहिए, जो ग्रामीण क्षेत्रों में कृषितर रोजगार के लिए अनिवार्य है। **(कार्रवाईः कृषि और सहकारिता विभाग)** • भूमि अधिग्रहण अधिनियम और राष्ट्रीय पुनर्वास और पुनःस्थापन नीति/अधिनियम में संशोधन समतुल्य बंजरभूमि के विकास की लागत केभुगतान की व्यवस्था करेंगे ताकि इस विधान के अधीन प्रदान की जा रही क्षतिपूर्ति के अलावा कृषितर अथवा औद्योगिक प्रयोजनार्थ कृषिगत भूमि के प्रयोग के लिए क्षतिपूर्ति की जा सके। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग)** • राज्य भूमि उपयोग बोर्ड राज्य सरकारों द्वारा बनाए जाने वाले इस कोष के प्रभावकारी उपयोग को मॉनीटर करेंगे। इस कोष का अधिक से अधिक

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		परियोजनाओं के लिए कृषि भूमि के अधिग्रहण को कम से कम स्तर तक रखें। • नीति को वैधानिक संरक्षण प्रदान करने के लिए, पुनर्वास और पुनःस्थापन विधेयक 2007 लोक सभा में पहले ही पेश कर दिया गया है। • बृहत् कृषि प्रबंधन के जरिए केन्द्रीय प्रायोजित कार्यक्रम राज्य भूमि उपयोग बोर्ड' क्रियान्वित किया जा रहा है। इसके अधीन राज्यों को सलाह दी गई है कि वे भूमि के वैज्ञानिक प्रयोग के लिए उचित कदम उठाएं तथा कृषीतर प्रयोजनार्थ कृषि भूमि के प्रयोग को रोकें। • राष्ट्रीय कृषि विकास परिषद की उप समिति ने यह भी सिफारिश की कि उत्पादक कृषि भूमि के प्रयोग को औद्योगिकरण अथवा शहरीकरण के लिए अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। इसने यह भी सिफारिश की कि क्षतिपूर्ति उस मामले में दी जाए यदि कृषि भूमि अन्य विकासात्मक परियोजनाओं के लिए दी जाती है, अर्थात् कहीं और समतुल्य अवक्रमित अथवा बंजर भूमि के उपचार और पूर्ण विकास के लिए क्षतिपूर्ति।	उपयोग करके बंजरभूमि विकास परियाजनाओं के क्रियान्वयन का कार्य उन लाभानुभोगी समूहों के जरिए किया जाना चाहिए जिन्हें विकास के बाद खेती के लिए भूमि आवांटित की जाएगी। **(कार्रवाईः कृषि और सहकारिता विभाग)** • भूमि संसाधन विभाग/राज्य सरकारें बंजरभूमि अथवा अवक्रमित भूमि की शीघ्र पहचान करेंगे जहां ग्रामीण कृषितर क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया जा सकता है। अभिज्ञात भूमि में ऐसे क्रियाकलाप सुकर बनाने के लिए आवश्यक अवसंरचनात्मक विकास किया जाना चाहिए। राज्यों को तदनुसार सलाह दी जाएगी। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग)** • राज्य भूमि उपयोग बोर्ड कृषितर प्रयोजार्थ मुख्य कृषि भूमि के प्रयोग से संबंधित मामलों पर सचेत रहेंगे। **(कार्रवाईः कृषि और सहकारिता विभाग)** • राज्य स्तरीय कृषि भूमि विकास कोष तैसार किया जाएगा ताकि कृषितर प्रयोनार्थ कृषि भूमि के प्रयोग के लिए समतुल्य बंजर भूमि के विकास के लिए ऐसे क्षतिपूर्ति कोष का संचयन किया जा सके। यह कोष उत्पादक प्रयोजनार्थ अवक्रमित भूमि के विकास के

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
			लिए प्रयोग किया जा सकता है। यह दो मामलों से निपटने में मदद करेगा अर्थात् शीघ्रता से कम हो रही कृषि भूमि को बचाने तथा अवक्रमित/बंजर भूमि के विकास को तेंज करना ताकि कृषि भूमि की हानि के लिए क्षतिपूर्ति हेतु इसे आर्थिक प्रयोग में लाया जा सके। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग/कृषि और सहकारिता विभाग)** • पनधारा विकास दृष्टिकोण के जरिए कम लागत, बंजर, पशुओं द्वारा अत्यधिक मात्रा में चरी गई, अपरदित/अवक्रमित भूमि के विकास के लिए समुदाय आधारित भागीदारी को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग/कृषि और सहकारिता विभाग)** • यह नीति अन्य बातों के साथ–साथ काश्तकारी और भूमि को पट्टे पर देने से संबंधित विधानों को नागू करने का प्रावधान करती है। राज्य अपने–अपने विधानों के अधीन पट्टे पर दी गई भूमि पर मंडिया विकसित के अर्थोपाय की जांच करेंगे। राज्यों को तदनुसार सलाह दी जाएगी। **(कार्रवाईः भूमि संसाधन विभाग)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
3.	**पैरा 4.3– परिसंपत्ति सुधार–जल** • सिंचाई हेतु समय पर और पर्याप्त जल की अनुपलब्धता एक विकट बाधा बनने के कारण अब सुनिश्चित सिंचाई की अत्यधिक जरूरत है। • वर्षा जल संचयन, जल पुर्नभरण और जल उपयोग की क्षमता में सुधार महत्वपूर्ण है और इसे प्राथमिकता दी जाए। भूजल के विकास और प्रबंधन को विनियमित तथा नियंत्रित करने के लिए आवश्यक विधायी उपाय शुरू किए जाएं। • बीज किस्मों, पोषक तत्वों और कृषि उपकरणों के साथ तालमेल बिठाकर जल उपयोग क्षमता में वृद्धि की जा सकती है। • सभी फसल उत्पादन कार्यक्रमों में जल की प्रति यूनिट उपयोग को अधिकतम बनाने की अवधारणा का उपयोग किया जाए। • उपलब्ध जल से लाभ को अधिक से अधिक करने में विशेषज्ञता प्राप्त करने में जल प्रयोगकर्त्ता समूहों को बढ़ावा दिया जाए। • जल की गुणवत्ता पर ध्यान देने की जरूरत है। क्योंकि उर्वरकों, कृमिनाशियों और विषाक्त करने वाले रसायनों के अधिक दोहन तथा अविवेकपूर्ण उपयोग के कारण बहुधा स्रोत पर ही प्रदूषित हो जाते हैं।	• जल राज्य का विषय है, जल संसाधन परियोजनाओं का उनकी प्राथमिकताओं के अनुसार संबंधित राज्य सरकारों द्वारा नियोजन, कार्यान्वयन, वित्तपोषण और प्रबंधन किया जाता है। संबंधित राज्य सरकारों द्वारा जल संसाधनों के विकास और प्रबंधन हेतु कई उपाय शुरू किये गये हैं। भारत सरकार स्कीमों को तैयार करने तथा इनके मूल्यांकन में तकनीकी सहायता देती है। • जल संसाधन मंत्रालय के अधीन क्रियान्वित स्कीमें जो राज्यों को सहायता देती हैं:– (क) त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ख) कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन (ग) कृषि से सीधे जुड़े जल निकायों की मरम्मत, सुधार और पुनःसक्रियकरण (घ) खुदे हुए कुओं के जरिये भूजल का कृत्रिम पुनर्भरण (प्रस्तावित) • ''राष्ट्रीय जल नीति'' को अपनाया गया है जो अन्य बातों के साथ–साथ जल के सभी विविध उपयोगों में उपयोग कुशलता विरल संसाधन के रूप में जल के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जल संरक्षण चेतना के संर्वधन का काम करती है। • जल संसाधन मंत्रालय ने सहभागी सिंचाई प्रबंधन पर एक मॉडल विधेयक तैयार किया है तथा सभी राज्यों और संघ शासित क्षेत्रों को परिचालित	• आईसीएआर/एसएयू जल उपयोग, कुशलता, जल संरक्षण, जल गुणवत्ता, भूजल पुनर्भरण, वर्षाजल संचयन और जल के प्रति बूंद से उत्पादन और आय को अधिकतम बनाने के विशेष संदर्भ के साथ (जल पर इस नीति की अवधारणा को शामिल करने के लिए अपनी पाठ्यचर्या की समीक्षा और उनमें संशोधन कर सकते हैं तथा उच्चतर जल उपयोग कुशलता, जल संरक्षण, जल गुणवत्ता और आवक आदि के इष्टतमीकरण पर अनुसंधान के परिणामों के दूर–दूर तक प्रसार के लिए उपाय कर सकते हैं। एसएयू/केवीके के जरिए इन पहलुओं पर कृषक प्रशिक्षण भी आयोजित किए जाएं।) **(कार्रवाई: डेयर)** • यह नीति कृषि के सामने वाले मामलों के संबंध में दक्षता विकास, जागरूकता/साक्षरता पर जोर देती है तथा मृदा की उर्वरता और पर्यावरण को प्रभावित किए बिना संधारणीय विकास प्रक्रिया, जल संसाधनों तथा जैव संसाधनों के परिरक्षण/संरक्षण पर भी जोर दिया देती है। राज्य कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र और जल संसाधन, ग्रामीण विकास, भूमि संसाधन, कृषि एवं सहकारिता, डेयर, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण, उर्वरक, पर्यावरण और वन आदि मंत्रालय/विभाग के अन्य

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
	• जल वितरण में साम्यता सुनिश्चित की जाए। पहुंच तथा प्रबंधन दोनों में महिलाओं को जल प्रयोगकर्त्ता के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका दी जाएगी। • विद्यमान कुंओं और पोखरों को सुधारा जाएगा। • छिड़काव और ड्रिप सिंचाई तथा पानी पंचायतों के माध्यम से उन्नत सिंचाई का प्रयोग। • जल साक्षरता अभियान शुरू करना। • सतही और भूजल संसाधनों का एकीकृत विकास तथा उनका संयुक्त प्रयोग परियोजना नियोजन स्तर से ही परिकल्पित किया जाए। • जल की अत्यधिक कमी वाले क्षेत्रों में दलहन और तिलहन जैसे उच्च मूल्य वाली फसलों की खेती। • जल का कुशल प्रयोग और जल संरक्षण पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए एनआरएए, एनएचएम, टीएमओपी और एनआरईजीपी जैसी विभिन्न पहलों के माध्यम से सहजीवी तालमेल और प्रयासों में समीभरूपता। **(जल संसाधन विभाग एवं कृषि एवं सहकारिता विभाग)**	किया है। • पीआईएम पर कई राष्ट्रीय और क्षेत्रीय सम्मेलन और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। • 13 राज्यों ने पहले ही अनन्य विधान अधिनियमित कर लिया है अथवा विद्यमान विधान में संशोधन कर लिया है। 4 राज्यों ने अधिनियम के लिए कार्रवाई की है। • अब तक देश में 68,000 जल प्रयोगकर्त्ता संघों का गठन किया गया है। • जल की हर बूंद पर अधिक फसल और आय पर एक रिपोर्ट तैयार करने के लिए डॉ. एम.एस. स्वामीनाथन की अध्यक्षता में एक उप–समिति गठित की गई थी। समिति ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है जो अभी विचाराधीन है। • जल संसाधन, चाहे सतही जल हो या भूजल, के सतत विकास को सुनिश्चित करना ही कार्यान्वित किए जा रहे कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य है। • राष्ट्रीय जल नीति में सतही और भूजल संसाधनों का एकीकृत तथा समन्वित विकास और उनके संयुक्त प्रयोग का भी प्रावधान हैं। • जल की हर बूंद पर अधिक फसल और आय पर स्वामीनाथन उप समिति की रिपोर्ट में कार्रवाई बिन्दुओं के संबंध में कार्रवाई आरंभ हो चुकी हैं। जल संसाधन मंत्रालय द्वारा की गई एक महत्वपूर्ण	क्षेत्र स्तरीय संस्थाओं को अपनी क्षमता और संसाधनों के अनुसार विभिन्न दक्षता उन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम को कार्यान्वित करने के लिए समन्वित कार्रवाई करनी होगी। किसानों के दक्षता उन्नयन के लिए अनुकूल बहुविषयक जागरूकता/प्रशिक्षण वांछनीय होगा। आईसीएआर/एसएयू/केवीके को दक्षता विकास प्रशिक्षण हेतु रूपरेखा तैयार करने में सहायता की जाए। जहां तक संभव है, ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों के लिए व्यवसायिक प्रशिक्षण/शिक्षण के लिए लागू प्रत्यायन सुनिश्चित किया जाए। इस प्रयास में प्रभावी रूप से निजी क्षेत्रों को जोड़ने के लिए डीए आरई/आईसीएआर के परामर्श से कृषि एवं सहकारिता विभाग विस्तार प्रभाग/द्वारा दिशा–निर्देशों का विकास किया जाए। **(कार्रवाईः डीएसी/डीएआरई/ज.सं.मं./डीओआरडी/डीओएलआर/एमओसीएएफ एण्ड पीडी, डीओएफ, वन एवं पर्यावरण मंत्रालय)** • छिड़काव और ड्रिप सिंचाई को मिशन मोड के रूप में अपनाया जाए। **(कार्रवाईः डीएसी)** • भारत सरकार द्वारा कई कार्यक्रम और स्कीम पहले ही शुरू किए जा चुके हैं। इन स्कीमों की लक्ष्यों

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		कार्रवाई कृषि विश्वविद्यालयों/आईसीएआर/वाल्मिस और इंजीनियरिंग कॉलेज इत्यादि को शामिल करके किसान सहभागिता कार्य अनुसंधान कार्यक्रम का कार्यान्वयन करना है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य वर्षा जल संचयन तथा संबंधित मुद्दों सहित जल संचयन तथा संबंधित मुद्दों सहित जल संरक्षण संबंधी जागरूकता सृजित करना है। • जल संसाधन मंत्रालय ने भूजल के विनिमय और प्रबंधन के लिए एक मसौदा मॉडल बिल तैयार करने सहित भूजल स्तर के कम होने के मूद्दे पर अनेक उपाय किए हैं। 10 राज्यों ने इस विधान को पहले ही बना दिया है और 19 राज्यों ने कार्रवाई शुरू की है। • जल संसाधन मंत्रालय ने केन्द्र, राज्य और परियोजना स्तर पर वृहत एवं मध्यम सिंचाई स्कीमों की मानिटरी के लिए तीन चरणों की प्रणाली शुरू की है। मानिटरिंग प्रणाली का उद्देश्य समयबद्ध तरीके से परियोजना को पूरा करने की दृष्टि से अपेक्षित इनपुटों की पहचान करने में सहयोग देना, किसी कमी/बाधाओं के कारण का विश्लेषण करना और उपचारात्मक उपायों का सुझाव देना आदि है। कमान क्षेत्र विकास और जल प्रबंधन कार्यक्रम भी मानिटरिंग	तथा परिणामों के संदर्भ में स्थायी रूप से निगरानी की जानी चाहिए। भूजल पुनर्भरण, वर्षा जल संचयन और पनधारा विकास जैसे कार्यक्रमों को बढ़ाया जाए और उसका विस्तार किया जाए। **(कार्रवाईः एमओडब्ल्यूआर/कृ. एवं स. विभाग/डीओआरडी)** • इस समय जल प्रयोक्ता संघों की अत्यधिक संख्या विद्यमान है। इन संघों को उपलब्ध जल से अधिकाधिक लाभ प्राप्त करने और जल गुणवत्ता के बारे में भी विशेषज्ञता प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उनके क्षमता निर्माण के लिए किसानों द्वारा उगाए गए बीज से प्राप्त होने वाली राशि के लिए उपाय किए जाएं और साथ ही साथ सरकार से प्राप्त सहायता जिसका उपयोग मूल्य वृद्धि सहित फसलन तथा पशुधन/समवर्गी क्षेत्र के कार्यकलापों के लिए बैंक ऋण के साथ सम्बद्धता बनाने और छोटे तथा सीमांत किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए गैर–खेती कार्यकलापों को करने के लिए किया जा सकता है। इन संस्थाओं के महासंघ को उनके क्षमता निर्माण को सुविधाजनक बनाने के लिए, उनके किसान सदस्यों को उनके कार्यों को विस्तार देने के लिए प्रभावी एकल खिड़की सेवा देने के लिए केन्द्र और राज्य सरकार की वित्तीय

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		के प्रावधानों में आते हैं। • भारत सरकार द्वारा सभी पणधारियों के बीच कृत्रिम पुनर्भरण की संकल्पना को लोकप्रिय बनाने और अपनाने के लिए भूजल का कृत्रिम पुनर्भरण सलाहकार परिषद का गठन किया गया है। • कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा कार्यान्वित किए जा रहे सभी पनधारा कार्यक्रमों का एक घटक वर्षा जल संचयन है। कई राज्य क्षेत्रीय पनधारा कार्यक्रम कार्यान्वयनाधीन हैं। • भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के लिए वर्षा जल संचयन और पुलर्भरण प्राथमिकता वाले क्षेत्र हैं जहां आईसीएआर के अंतर्गत अनेक संस्थान हैं जो एकीकृत पलधारा प्रबंधन वर्षा जल संचयन, इसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए जल का बहु उपयोग, सतत हाईड्रोलोजिक के अनुरक्षण के लिए वर्षा, सतही और भूजल का संयुक्त प्रयोग, सिंचाई जल संसाधनों में वृद्धि लाना और विभिन्न सिंचाई स्रोतों के अंतर्गत फसल जल प्रबंधन के लिए योगदान कर रहे हैं। • कृषि से सीधे तौर पर जुड़े जल निकायों की मरम्मत, नवीनीकरण और जीर्णोद्धार नामक एक प्रायोगिक स्कीम का कार्यान्वयक किया गया है। भारत सरकार भी संबंधित कार्यकलापों के लिए राज्यों को बाहरी सहायता के माध्यम से	सहायता से ब्लॉक और जिला स्तर पर संगठित किया जाएगा। **(कार्रवाईः जल सं.मंत्रालय/कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • सहभागी सिंचाई प्रबंधन (पीआईएम)पर मॉडल बिल और जल संसाधन मंत्रालय के भूजल विनिमयन के लिए विधान कुछ राज्यों द्वारा ही अधिनियम किए गए हैं। जहां तक वांछित परिणाम प्राप्त करने में ये अधिनियम प्रभावी रहे हैं, उनका मूल्यांकन किया जाएगा और जहां आवश्यक हो, अपेक्षित संशोधन किया जाएगा। अन्य राज्यों को भी इन अधिनियमों को प्राथमिकता के आधार पर मानने के लिए राजी किया जाएगा। **(कार्रवाईः जल संसाधन मंत्रालय)** • वर्षा जल संचयन इत्यादि पर किसानों और प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण संबंधी स्कीम डेयर द्वारा शूरू की गयी महत्वपूर्ण पहल है। किसान विज्ञान केन्द्रों के प्रशिक्षकों, कर्मचारियों, कृषि–क्लिनिकों/कृषि व्यवसाय केन्द्रों के उद्यमियों, विस्तार कर्मिकों के प्रशिक्षण पर जोर दिया जाना चाहिए जो कि पहुंच और उनकी बढ़ोतरी में सुधार लाने के लिए किसानों को प्रशिक्षित कर सकते हैं। इस प्रयोजन के लिए कायिक कोष के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		कार्यकलापों के लिए राज्यों को बाहरी सहायता के माध्यम से सहायता मुहैया करा रही है। • कृषि एवं सहकारिता विभाग के बागवानी प्रभाग में कार्यान्वित की जा रही लघु सिंचाई स्कीम में स्प्रिंकलर और ड्रिप सिंचाई प्रणालियां शामिल की गई हैं। • भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने एआईसीआरपी के अंतर्गत दीर्घकालीन अध्ययन कराए हैं– देश के विभिन्न कृषि–पारिस्थिज्ञतिकी क्षेत्रों में फैले जल प्रबंधन वाले 25 अनुसंधान केन्द्र, जहां सिंचाई कार्यों जल उत्पादन कार्यों तथा अन्य पहलुओं के लिए स्प्रिंकलर और ड्रिप प्रणालियां विकसित की गई हैं। सुझाव जलप्रयोक्ता संघों और पानी पंचायतों के पास भेज दिए गए हैं। • कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा जल की कमी वाले क्षेत्रों में तिलहन और दलहन जैसी फसलन पद्धति अपनाई गई है जिसमें कम पानी और अधिक मूल्य की अपेक्षा रहती है। • जल संसाधन मंत्रालय ने अपने शीर्ष संगठनों जैसे केन्द्रीय जल आयोग, केन्द्रीय भूमिजल बोर्ड की नियमित गतिविधि के रूप में और विशेषकर प्रशिक्षण संस्थाओं अर्थात राष्ट्रीय जल अकादमी पुणे, राजीव गांधी राष्ट्रीय भूमि जल प्रशिक्षण और अनुसंधान संस्थान के माध्यम से अनेक जन	(डेयर) के प्रस्ताव के अनुसार उसी प्रकार की संचित निधि के.वी.के. में सृजित की जाए जिससे कृषि एवं सहकारिता विभाग के अंतर्गत आर.के.वी.वाई. अथवा चलाई जा रही विभिन्न स्कीमों के अंतर्गत वित्तपोषण किया जा सकता है। प्रत्येक संस्था द्वारा प्रशिक्षण की लागत की मध्य अवधि में वसूली मुख्य उद्देश्य हो। **(कार्रवाईः कृ.अ.एव. शि. विभाग/कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • कृषि विस्तार तंत्र में यह सुनिश्चित किया जाए कि किसानों, स्वयं सहायता समूहों/जल प्रयोक्ता संघों /पानी पंचायतों को भूमि के समुचित प्रयोग और फसलन पैटर्न के साथ जल की गुणवत्ता और जल प्रयोग कुशलता से संबंधित मुद्दों के बारे में प्रशिक्षित किया जाता है और उसकी जानकारी दी जाती है। जल प्रयोक्ता संघों को मूल राशि के रूप में वित्तीय सहायता देकर सतत कार्यों को अपनाते हुए स्वयं सहायता समूह/जल प्रयोक्ता संघों हेतु वित्तीय प्रोत्साहन दिया जाए। सिंचाई परियोजनाओं के कमान क्षेत्रों में भी किसानों को जल प्रयोग कुशलता और संरक्षण, जल गुणवत्ता तथा अन्य पहलुओं के बारे में बताया जाए। **(कार्रवाईः कृ.एवं स. विभाग/डीओआरडी/ज.सं. मंत्रालय)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		जागरूकता कार्यक्रम पहले ही आरंभ किए हुए हैं। • जल संचयन और जल संसाधनों के प्रभावी उपयोग पर किसानों और प्रशिक्षकों को प्रशिक्षण देने के लिए कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग द्वारा ग्यारहवीं योजना के दौरान 32 राज्य कृषि विश्वविद्यालयों और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद संस्थानों में 96 करोड़ रूपये की कायिक कोष से जल साक्षरता आन्दोलन के रूप में एक स्कीम इस उद्देश्य से शुरू की जा रही है कि प्रत्येक केन्द्र में लगभग 1000 किसानों और 100 प्रशिक्षकों को वार्षिक रूप से प्रशिक्षण दिया जाएगा। • सतही और भूजल का एकीकृत और समन्वित विकास तथा उनका संयुक्त प्रयोग, कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग/भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की विभिन्न परियोजनाओं का अभिन्न अंग है। • कृषि एवं सहकारिता विभाग (टीएमओपी) 1.4.2004 से समेकित तिलहन, दलहन, नारियल और मक्का स्कीम (आइसोपोम) नामक एक केन्द्र प्रयोजित स्कीम कार्यान्वित कर रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य तिलहनों और दलहनों के हित में फसल विविधिकरण का संबर्धन करना है। वर्ष 1985 में केन्द्रीय क्षेत्र बीज उत्पादन स्कीम के अंतर्गत	• जल की कमी वाले क्षेत्रों में अधिक मूल्य वाली फसल प्रणाली को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाए। इन क्षेत्रों में सरकारी माध्यमों से सूखी भूमि वाले क्षेत्रों में प्रचुर मात्रा में दलहनों और तिलहनों की आपूर्ति की जाए और धान के बीज तथा अन्य अधिक जल वाले फसलों की आपूर्ति न की जाए। **(कार्रवाईः कृ. एवं स. विभाग)** • संचित क्षेत्रों में बहु फसलन और अंतःफसलन के माध्यम से फसलन गहनता में वृद्धि लाने पर ध्यान देना चाहिए। जल प्रयोग की कुशलता और जल के प्रति इकाई आय के महत्वपूर्ण मुद्दों पर सभी पणधारियों को सुग्राही बनाने के लिए राज्यवार मूल्यांकन और आकलन किया जाना चाहिए। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • वाष्पीकरण के कारण होने वाली क्षति को रोकने के लिए जल भण्डारण और वितरण प्रणालियों को सुधारने तथा सृजन हेतु नई प्रौद्योगिक को लाना होगा। **(कार्रवाईः कृ.एवंसं. विभाग/कृ.अ.एवं.शि. विभाग/जल संसाधन मंत्रालय)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		सूखा प्रवण क्षेत्रों के लिए स्थान विशेष उच्च पैदावार वाली किस्मों को बढ़ावा देने के लिए एक आवर्ती निधि कार्यान्वित की गई थी। किसानों के बीच उन्नत प्रौद्योगिकी को लोकप्रिय बनाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के माध्यम से दलहनों, तिलहनों और मक्का में उन्नत उत्पादन प्राद्योगिकियों फ्रंटलाइन प्रदर्शन चलाये जा रहे हैं। • जलमग्नता वाले क्षेत्रों में मत्स्यपालन मौजूदा केन्द्रीय प्रयोजित स्कीम 'अन्तर्देशीय मात्स्यिकी और जलकृषि विकास' के अंतर्गत आता है।	• मुख्य खाद्यान्नों तथा अन्य जल घनत्व वाले फसलों के लिए जल प्रयोग कुशलता पर एक विशेष राष्ट्रीय फसल योजना विकसित की जाए। **(कार्रवाईः कृ.एवं.सं. विभाग/ जल संसाधन मंत्रालय कृ.अ.एवं.शि. विभाग)** • राष्ट्रीय एकीकृत जल संसाधन विकास आयोग द्वारा दिए गए सुझाव के अनुसार 2110 तक 40 प्रतिशत और 2025 तक 50 प्रतिशत सतही जल सिंचाई कुशलता और 70 प्रतिशत तक भूजल सिंचाई कुशलता में सुधार लाने के पर्याप्त उपाय किए जाने चाहिए। **(कार्रवाईः ज.सं. मंत्रालय)**
4.	**पैरा 4.3.6** सूखा कोड, बाढ़ कोड और अच्छा मौसम कोड लाया जाए। एनआरएए तकनीकी और अन्य सहायता उपलब्ध कराए। **(डीएसी)**	• सूखा और बाढ़ पर मौजूदा मैन्युलों/प्रक्रियाओं/दिशा निर्देशों में आपदा प्रबंधन के दृष्टि से प्रभावित किसानों/ग्रामीण आबादी के लिए राहत और पुनर्वास उपायों तथा पैकेजों सहित सूखा पश्चात/ बाढ़ पश्चात स्थितियों के सभी पहलुओं का ध्यान रखा गया है। • इस समय कृषि मौसम विज्ञान संबंधी एआईसीआरपी अपने समन्वित केन्द्रों के माध्यम से वर्षा, तापमान और मौसम से संबंधित अन्य पैरामीटरों के प्रभाव पर विचार करते हुए कृषि	• जलरहित एवं सूखा प्रवण क्षेत्रों के लिए एक मॉडल सूखा कोड तैयार किया जाना चाहिए और उसे सूखा कम करने के अल्पकालिक और दीर्घकालिक उपायों को समावेश करते हुए राज्यों को परिचालित कर देना चाहिए। कृषि एवं सहकारिता विभाग द्वारा पहले ही शुरू की गई कार्रवाई को डीओएलआर और एनआईडीएम के साथ सही समन्वयन में तेजी लाई जाए। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		प्रतिकूल सेवाओं पर आकस्मिक योजना मुहैया करा रहा है। • भूमि संसाधन विभाग द्वारा सूखा प्रवण क्षेत्र कार्यक्रम कार्यान्वित किए जा रहे हैं। • सूखा कोड लाने के लिए पहले चरण के रूप में कृषि एवं सहकारिता विभाग ने सूखा प्रबंधन के लिए एक राष्ट्रीय मैन्युल तैयार करने हेतु गृह मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान बनाने का पहले ही अनुरोध किया है। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान मसौदा मैन्युल तैयार कर चुका है और उनके द्वारा आगे अनुवर्ती कार्रवाई की जा रही है। यह मैन्युल राज्यों को उनसे संबंधित सूखा कोड की तैयारी या संशोधन में सहायक होगा। • द्वितीय प्रशासनिक सुधार आयोग की सिफारिशों की अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में निरंतर तथा एकीकृत सूखा प्रबंधन के लिए एक अलग संस्थागत तंत्र स्थापित करने के लिए एक प्रस्ताव पर कृषि एवं सहकारिता विभाग सक्रिय रूप से विचार कर रहा है। एक बार ऐसी संस्था के स्थापित हो जाने के बाद सूखा प्रवण क्षेत्रों के किसानों की आवश्यकता पर ध्यान दिया जा सकता है।	• बार–बार बाढ़ से प्रभावित होने वाले क्षेत्रों के लिए एक मॉडल बाढ़ कोड तैयार किया जाए और बाढ़ के पश्चात किसानों को उत्तम बीज की उपलब्धता और अन्य आदान मुहैया कराया जाना, जलमग्नता बाढ़ प्रतिरोधी फसलों/किस्मों की आयोजना और बाढ़ के कारण किसानों को होने वाली क्षति को कम करने के अन्य उपाय सुनिश्चित करने जैसे उपायों को शामिल करते हुए उसे राज्यों को परिचालित कर दिया जाए। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • जल रहित और सूखा प्रवण क्षेत्रों के लिए एक मॉडल अच्छा मौसम कोड तैयार किया जाए जिसमें इन क्षेत्रों में अच्छी मौसम में उत्तम बीज, पौध की आपूर्ति और किसानों के लिए अन्य आदान के लिए पर्याप्त तैयारी के साथ किसानों द्वारा किए जाने वाले उपायों को शामिल किया जाए। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)** • उपर्युक्त मॉडल कोडों को तैयार करने के लिए कृषि और सहकारिता विभाग, एनसीएपी जैसे भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की सहायता से नेतृत्व कर सकता है। **(कार्रवाईः कृषि एवं सहकारिता विभाग)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
5.	**पैरा 4.4– परिसम्पत्ति सुधार– पशुधन** • किसानों के समक्ष आने वाली प्रमुख बाधाओं प्रजनन, चारे, स्वास्थ्य देखभाल और उनके उत्पादों के लिए पारिश्रमिक मूल्यों का समाधान करना आवश्यक है। • पशु चिकित्सकों और कृषि विज्ञान स्नातकों द्वारा संचालित कृषि क्लिनिकों को प्रोत्साहित किया जाए। • ऑर्गेनिक खादों और जैव–उर्वरकों के उत्पादन को प्रोत्साहित करने के अलावा फसल–पशुधन मिश्रित कृषि प्रणाली को प्रोत्साहित किया जाएगा। • पशुधन बीमे की पुनर्संरचना की जाए और इन्हें सभी किसानों तक पहुंच लायक बनाया जाए। • प्रवेश के सभी बन्दरगाहों पर आयातित पक्षियों हेतु संगरोध (क्वारेंटाइन) और परीक्षण तथा टीकाकरण सुविधाएं स्थापित और सुदृढ़ की जाए। • बाजार में बेचे जाने से पूर्व आयातित कुक्कुट पालन टीकों की जांच किया जाना अनिवार्य बनाया जाए। • कुक्कुट पालन की पहचान एक कृषि कार्यकलाप के रूप में की जाए और सामूहिक अथवा लघु कुक्कुट पालन परिसम्पतिधारकों को बढ़ावा दिए जाने के लिए बैकयार्ड कुक्कुट पालक किसानों को यथोचित सहायता दी जाए। **(डीओएचडी एंड एफ)**	• पशुधन के संकरण और प्रजनन क्षमता को बढ़ाने के लिए राज्यों हेतु उत्तम जीव प्लाजमा के उत्पादन और वितरण के लिए पशुपालन और डेयरी विभाग (डीओएएचडी) 18 केन्द्रीय पशुधन संगठनों और सम्बद्ध संस्थाओं का संचालन कर रहा है। सात केन्द्रीय पशु प्रजनन फार्म राज्यों को वितरण के लिए पशुओं का देशज और विदेशी प्रजाति और महत्वपूर्ण भैंस संकरों के उच्च किस्म के बछड़ों का उत्पादन कर रहे हैं। • राष्ट्रीय पशु एवं भैंस संकरण परियोजना डीओएएचडी के माध्यम से दो चरणों में दस वर्षों से अधिक अवधि से लगभग 1200 करोड़ रूपये के आवंटन से कार्यान्वित कर रहा है। इस परियोजना में महत्वपूर्ण स्वदेशी संकर प्रजातियों के वंश उन्नयन तथा विकास और संरक्षण देने की परिकल्पना की गई है। • दो केन्द्र प्रायोजित स्कीम अर्थात "केन्द्रीय चारा विकास संगठन" और "चारा विकास के लिए राज्यों को सहायता" इस समय कार्यान्वयनाधीन है। • "राज्य कुक्कुट/बत्तख फार्म को सहायता" नामक केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम वर्ष 1999–2000 में राज्य कुक्कुट फार्म को एकमुश्त सहायता देने के उद्देश्य से शुरू की गई थी।	• पशुधन बीमा पर चालू कार्यक्रम एक प्रायोगिक आधार पर कार्यान्वित किया गया है। यह सभी किसानों तक पहुंचे, इसके लिए इस स्कीम का विस्तार किया जाना आवश्यक है। **(कार्रवाईः डीओएएचडी एंड एफ)** • विभिन्न कृषि–जलवायु क्षेत्रों के लिए उपयुक्त फसल–पशुधन मिश्रित कृषि प्रणाली हेतु ऋण मुहैया कराया जाना चाहिए। इसे किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से विस्तार दिया जा सकता है। इस संबंध में नाबार्ड बैंकों को उपयुक्त दिशा निर्देश जारी कर सकता है। **(कार्रवाईः डीएसी/एमओएफ/नाबार्ड)** • राज्य और राष्ट्रीय स्तरों पर मौजूदा पशुधन रोग निगरानी प्रणाली को सुदृढ़ किए जाने की आवश्यकता है। **(कार्रवाईः डीओएएचडी एंड एफ)** • पशुधन मुद्दों और फसल–पशुधन मिश्रित कृषि प्रणालियों तथा कृषि अपशिष्ट से पशुधन चारे को समृद्ध बनाने और अन्य संबंधित मुद्दों में डीओएएचडी, डीएसी और डीएआरई/आईसीएआर द्वारा प्रशिक्षण और दक्षता का विकास किया जाएगा। **(कार्रवाईः डीओएएचडी एंड एफडीएसी/डीएआरई)**

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		• एक और केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम "पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण" पशुधन और कुक्कुट के आर्थिक रूप से महत्वपूर्ण रोगों के विरूद्ध प्रतिरक्षा किए जा रहे मुख्य कार्यकलापों के साथ भी कार्यान्वित किया जा रहा है। "राष्ट्रीय पशु प्लेग उन्मूलन परियोजना" भी शुरू की गई है। • रूग्नता और मृत्यु दर में कमी लाने के क्रम में राज्यों द्वारा चलता–फिरता पशु चिकित्सा औषधालयों सहित पोलिक्लिनिक/पशुचिकित्सा अस्पतालों/औषधालयों के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य देखभाल मुहैया कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। राज्यों में रोगों का शीघ्र और भरोसेमंद निदान के लिए 250 रोग नैदानिक प्रयोगशालाओं द्वारा सहायता प्राप्त 26,540 ऐसी एजेन्सियों का एक नेटवर्क कार्य कर रहा है। देश में 29 पशु चिकित्सा टीका उत्पादन ईकाईयों में टीकों की अपेक्षित मात्रा उत्पादित की जाती है। • भूसा और चारा पेड़ का संवर्धन का प्रोत्साहन मौजूदा केन्द्रीय प्रायोजित स्कीम "स्कीम विकास" के अंतर्गत आता है। • देश के बाहर से आने वाले रोगों के प्रवेश को रोकने और पशु चिकित्सा संबंधी दवाओं और सूत्रीकरण के मानकों के अनुरक्षण हेतु भी प्रयास किए जाते हैं।	• यह सुनिश्चित किया जाए कि पशु चिकित्सा स्नातकों द्वारा कृषि–क्लिनिक स्थापित किए जाएं जिससे कि 5 वर्षों की अवधि के भीतर कोई भी पशु चिकित्सक स्नातक बेरोजगार न रहे। उनका उपयोग किसानों के प्रशिक्षण और पशु स्वास्थ्य के लिए सेवाओं के अलावा किसानों की गुणवत्ता विस्तार सेवा उपलब्ध कराने में किया जा सकेगा। उनका प्रशिक्षण किसानों की दक्षता विकास के लिए प्रशिक्षकों के रूप में भी किया जा सकेगा। **(कार्रवाईः डीएसी/डीओएएचडीएंडएफ)** • डीओएएचडी एवं एफ आगे की कार्रवाई के लिए जैसा उपयुक्त समझे निम्नलिखित सुझाव पर विचार कर सकता हैः– • किसानों के दुग्ध वितरण स्थल पर ही दुग्ध के नमूनों का विश्लेषण करने के लिए पर्याप्त गुणवत्ता उपाय अवसंरचना हो; • एनपीसीबीबी के अध्यादेश के अंतर्गत चारा विकास को शामिल किया जाए। • अकार्बनिक खाद के उत्पादन को बढ़ावा देना; • हैचारी विनियमन अधिनियम लाना; • पक्षियों के माध्यम से आने वाले बुखार के उन्मूलन/नियंत्रण के लिए विशेष इकाई की स्थापना करना; • पक्षियों के माध्यम से आने वाली बीमारियों की

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		• वृहत प्रबंधन केन्द्र प्रायोजित सकीम "पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण" के अंतर्गत केन्द्र सरकार रोग नियंत्रण कार्यकलापों का कार्यान्वयन कर रही है। • पक्षियों के फ्लू के संबंध में केन्द्र सरकार ने इस उत्पात पर नियंत्रण रखले और उसे काबू में रखने के लिए तत्काल कार्रवाई शुरू की है। नियंत्रण और काबू में रखने संबधी उपायों में रणनीतिक कार्रवाईयों की एक कड़ी है जिसे पशुपालन एवं डेयरी विभाग और स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय की कार्य योजनाओं के अनुपालन में किया जाना है। • बेरोजगार पशु चिकित्सा स्नातकों को निजी पशु चिकित्सा क्लिनिकों और चारा तथा दवाओं के लिए खुदरा उत्पाद वाले क्लिनिकों की स्थापना के लिए सहायता दी जाती है। कृषि एवं सहकारिता विभाग भी कृषि से जुड़े हुए स्नातकों जिसमें पशु चिकित्सा स्नातक भी शामिल हैं, के लिए कृषि–क्लिनिक और कृषि–व्यवसाय स्कीम कार्यान्वित कर रहा है। • कृषि एवं सहकारिता विभाग विस्तार सुधार स्कीम के अंतर्गत स्वरोजगार मोड में विस्तार एवं अन्य सेवा प्रदान करने को प्रोत्साहित करने के लिए कृषि–क्लिनिक और कृषि–व्यवसाय केन्द्रों की	निगरानी पर पीआरआई और किसानों को जागरूकता प्रशिक्षण; • पशुधन उत्पादों को बाजार की सुविधा; • विकासोन्मुखी कार्यक्रमों पर ध्यान केन्द्रित करने के लिए एनडीडीबीके कार्यों का पुनः उन्मुखीकरण; • पशुधन और पशुधनउत्पादों के निर्यात पर रोक की समीक्षा; • पक्षियों और पशुओं के टीकाकरण की प्रतिरक्षा स्थिति का आकलन करने के लिए बुनियादी सुविधाओं का विकास; • पशुधन उत्पाद, दुग्ध, मांस और अंडे के लिए समर्पित एमएसपी का प्रावधान; • एनपीसीबीबी के अंतर्गत बछड़े के जन्म के आधार पर निजी कृत्रिम निसेचन के लिए एक आकर्षक पारिश्रमिक शुरू किया जाए।

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		स्थापना की सुविधा भी मुहैया कराता है। कृषि–व्यवसाय विकास पर प्रशिक्षण की पूरी लागत की सहायता दी जाती है। • पशुधन बीमाः एक केन्द्र प्रायोजित स्कीम "पशुधन बीमा स्कीम" 120 करोड़ रूपये के परिव्यय से प्रायोगिक आधार पर कार्यान्वित किया गया है। इसका दोहरा उद्देश्य किसानों ओर पशुपालकों के पशुओं की मृत्यु के कारण उनके पशुओं का किसी दुर्घटनावश क्षति के लिए सुरक्षा तंत्र और दूसरा उन्नत पशुओं के पालन को लोकप्रिय बनाने के लिए पशुधन बीमा के लाभ का प्रदर्शन करना है। इस स्कीम को वर्ष 2007–08 के दौरान उसी रूप में जारी रखा जा रहा है। इसकी प्रायोगिक अवधि के दौरान पशुधन बीमा स्कीम के लाभ और प्रभाव का मूल्यांकन करने के लिए ग्रामीण प्रबंधन संस्थान को एक स्वतंत्र अध्ययन का काम दिया गया है। इस अध्ययन के निष्कर्षों तथा सिफारिशों के आधार पर देशभर में इस स्कीम का कार्यान्वयन और वर्ष 2008–09 के दौरान और उसके पश्चात अधिक प्रजातियों के पशुधन को शामिल करने पर विचार किया जाएगा। • कुक्कुट पालन विकास स्कीम के अंतर्गत ग्यारहवीं योजना के दौरान 150 करोड़ रूपये के अल्पकालिक आबंटन से प्रस्तावित कार्यकलापों में	

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
		पहले से कार्यान्वित अथवा कार्यान्वयनाधीन स्कीम/कार्यक्रम/कार्य	की जाने वाली आगे की कार्रवाई/किए जाने वाले प्रयास तथा कार्रवाई हेतु एजेन्सी/समन्वयक
		से एक कुक्कुट सम्पदा स्थापित करना है। • पशुधन और इसके उत्पादों का आयात करके देश में पशु–रोगों के प्रवेश को रोकने का मुख्य उद्देश्य पशु संगरोध और प्रमाणन सेवा का कार्यान्वयन किया जाना है। चार संगरोध केन्द्र दिल्ली, चेन्नई, मुम्बई और कोलकाता में पहले ही कार्य कर रहे हैं तथा दो और स्टेशन बंगलौर और हैदराबाद में स्थापित किए जा रहे हैं। • महत्वपूर्ण टीकों के सुरक्षित और प्रभावकारी होने की जांच के संबंध में दवा महानियंत्रक द्वारा इसका विनियमन किया जाता है और भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) ऐसे टीकों की जांच कर रहा है। इसके अतिरिक्त केन्द्र सरकार ने भी बागपत में राष्ट्रीय पशुचिकित्सा बायोलोजिकल उत्पाद गुणवत्ता नियंत्रण केन्द्र की स्थापना की है जो शीघ्र ही कार्य करना आरम्भ करेगा।	
6.	**पैरा 4.5 परिसम्पति सुधार–मात्स्यिकी** • वैज्ञानिक रूप से मत्स्य पालन, एकत्रण और प्रसंस्करण को प्रोत्साहित करते हुए मछुआरा परिवारों की आय में सुधार लाना। • जलकृषि के लिए सार्वजनिक क्षेत्र में भूमिहीन श्रमिक किसानों को ग्रामीण तालाब और अन्य जल निकाय	• पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा निम्नलिखित चालू स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं– (क) अंतर्देशीय मात्स्यिकी एवं जल कृषि विकास; (ख) समुद्री मात्स्यिकी, अवसंरचना एवं एकत्रण पश्चात कार्य; (ग) मछुआरों के कल्याण कार्यक्रम; (घ) मात्स्यिकी प्रशिक्षण और विस्तारः (ड) मात्स्यिकी	• "सभी के लिए मछली" विषय पर जिला स्तर और ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण संस्थान खोले जाने चाहिए। इस प्रयोजन के लिए एटीएमए प्रमुख्य एजेन्सी हो सकता है। कृषि विकास केन्द्रों, प्रगतिशील मछली पालकों, गैर सरकारी संगठनों और अन्य सक्षम संस्थानों को ऐसे प्रशिक्षण के अलावा उन्हें समर्थ

क्र. सं.	राष्ट्रीय किसान नीति, 2007 पैरा संख्या और संक्षेप में नीतिगत प्रावधान और प्राथमिक जिम्मेवारी (पीआर) अथवा प्राथमिक समन्वयन (पीसी) वाले मंत्रालय/विभाग	कार्य योजना	
